गड्ढों में समा रहा बिलाईगढ़ का गौरव पथ

4



## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री का हैलिपैड पर आत्मीय स्वागत



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का बगिया हेलिपेड में कमिश्नर नरेंद्र दुग्गा, आईजी दीपक कुमार झा, कलेक्टर रोहित व्यास एसएसपी शशि मोहन सिंह सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया।

### रितु व्यवसाय अपनाकर बनी आत्मनिर्भर



**जशपुरनगर।** बिहान योजना अंतर्गत स्व-सहायता समूहों से जुड़कर ग्रामीण महिलाएं अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ कर रही हैं और परिवार की जिम्मेदारियां भी सफलता पूर्वक निभा रही हैं। दुलदुला विकासखण्ड की निवासी श्रीमती रितु रजक इसकी प्रेरक मिसाल हैं। उन्होंने दीपक स्व-सहायता समूह से जुड़कर समूह गतिविधियों के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। प्रारंभ में उन्होंने ग्राम संगठन से 10,000 रुपए तथा अपने समूह को बैंक से प्राप्त ऋण में से 40,000 रुपए का ऋण लेकर कपड़े का व्यवसाय प्रारंभ किया। व्यवसाय में सफलता मिलने पर उन्होंने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत साधन संस्था की तकनीकी सहायता से ग्रामीण बैंक दुलदुला से 2 लाख रुपये का ऋण प्राप्त कर कारोबार का विस्तार किया। आज श्रीमती रितु रजक का कपड़े का व्यवसाय सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। इससे उन्हें प्रतिमाह 20 से 25 हजार रुपये की आय हो रही है। मेहनत और आत्मनिर्भरता से आज "लखपति दीदी" के रूप में पहचान बना चुकी है।

## फड़ प्रभारी ने शासन को लगाया चूना प्रशासन मौन

# गंझियाडीह धान खरीदी केंद्र से तीन करोड़ का धान गायब

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

धान खरीदी केंद्र कोनपारा के उपकेंद्र गंझियाडीह में वितीय वर्ष 2024-25 खरीफ धान खरीदी में बड़ी गड़बड़ी उजागर हुई है। यहां लगभग पौने तीन करोड़ के धान गायब होने का खुलासा हुआ है। यह हम नहीं बल्कि विपणन विभाग जशपुरनगर से जारी जानकारी के अनुसार है। पौने तीन करोड़ रुपये का धान गायब होने की जानकारी होने के बावजूद विभागीय अधिकारियों के कार्रवाई नहीं करने पर लोग अचंभित है। यहां गड़बड़ी और इतनी मोटी सरकारी रुपयों का बंदरबाट करने वाले फड़ प्रभारी बताया जा रहा हैं।

जानकारी के अनुसार कोनपारा धान खरीदी केंद्र के साथ ही उपमण्डी गंझियाडीह है। आपको बता दें कि हमारे हाथ जो तथ्य विभाग से मिले है उस आधार पर गंझियाडीह धान खरीदी केंद्र में 27 अगस्त के मुताबिक12727.03 क्विंटल यानी 31817 बोरी धान मिलर्स को परिदान करना है,जिसकी बाजार मूल्य 23 रुपये प्रतिकिलो के मुताबिक 2 करोड़ 92 लाख 71 हजार 640 रूपये होगा ,लेकिन मंडी में अभी एक बोरी धान जमा नही हैं. धान मंडी में चारों ओर घास उगा है। ऑफिस मैं बैठकर कर्मी अपनी सेवाएं दे रहे है। मामले को लेकर कंप्यूटर ऑपरेटर से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने फड़ प्रभारी के अनुमति के बैगर देने से इनकार कर दिया। जब हमने फड़ प्रभारी कमल यादव से बात करनी चाही तो उन्होंने फोन उठाकर काट दिया जिससे हम उनका पक्ष नही रख सके।



खरीदी केंद्र के फड़ से गायब धान।

### शासन से डीओ जारी

धान खरीदी केंद्रों में मिलर्स को परिदान के लिये सम्पूर्ण धान का डीओ जारी हो चुका है.लेकिन फड़ प्रभारी प्रबंधक की भूमिका मे है। उसके आगे प्रशासन पंगु बना है। स्थिति ये है कि फड़ में एक बोरी भी धान उपलब्ध नही है धान खरीदी होने के बाद धान आखिर गया कहा इसका जवाब कोई नहीं दे रहा है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब मौके में धान का दाना भी नही तो मिलर्स धान उठायेंगे कहा से विभाग द्वारा उठाव के डीओ जारी तो कर दिया गया लेकिन मौके में धान है कि नही यह देखना भी जरूरी नहीं समझा।

### जांच पूरी कर ली गई है

इस मामले की शिकायत किसी के द्वारा कलेक्टर को की गई थी जिस पर जांच टीम का गठन हुआ था, जांच टीम के द्वारा जांच पूरी कर ली गई है। जिसका रिपोर्ट सौपना बाकी है। केंद्र का भौतिक सत्यापन भी करा लिया गया है।

**-ओम्कारेश्वर सिंह**, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व फरसाबहार



आंगनबाड़ी केंद्र को विकसित करने के प्रस्ताव पर चर्चा करतीं प्रियंवदा व अन्य।

## महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी से मिली प्रियंवदा

**जशपुरनगर।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव ने जशपुर में आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र विकसीत करने का प्रस्ताव के साथ महिला बाल विकासमंत्री लक्ष्मी रजवाड़े से मुलाकात की आदिवासियों के शारीरिक व मानसिक विकास में होगा सहायक, देश के लिए जशपुर बनेगा माडल। आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र विकासित किया जाएगा। बुनियादी सुविधा सहित आधुनिक सुविधाओं से लैस इन आंगनबाड़ी केंद्रों में शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक के बच्चों के स्वास्थ्य के साथ मानसिक विकास के लिए प्रदेश के साथ पूरे देश के लिए एक आदर्श उदाहरण बन सकेगें। राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रियंवदा सिंह जूदेव ने यह प्रस्ताव छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े को दिया है।

मंत्री राजवाड़े शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर जशपुर पहुंची थी। शहर के सर्किट हाउस में मंत्री से मुलाकात के दौरान प्रियंवदा सिंह जूदेव ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य जशपुर जिले में आदिवासियों के साथ पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जैसे विशेष संरक्षित जनजातियां निवास करती है। जो आर्थिक और शैक्षणिक दृष्टिकोण से अब भी पिछड़ी हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की राज्य सरकार ऐसे जनजातियों को विकास की मुख्यधारा में जोड़ना प्राथमिकता सूची में शामिल है। आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र इन जातियों के बच्चों को कुपोषण से मुक्ति दिलाने के साथ ही इनके मानसिक व शारीरिक विकास में अहम भूमिका निभाएंगें। इस दौरान जशपुर की विधायक रायमुनि भगत,कृष्ण कुमार राय,नगरपालिका जशपुर के उपाध्यक्ष यशप्रताप सिंह जूदेव, भाजपा के जिला प्रवक्ता ओम प्रकाश सिन्हा, दीपक गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, अभिषेक गुप्ता, शरद चौरसिया, नीज सचिव राजेश सिन्हा सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### इन सुविधाओं से होगा लैस

प्रियंवदा सिंह जूदेव ने बताया कि प्रस्तावित आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र में बेहतर रंग-रोगन के साथ आकर्षक चित्रकारी होगा। इसके साथ बच्चों के बैठने के लिए कुर्सी-टेबल के साथ एक टेलीविजन उपलब्ध कराया जाएगा। इससे बच्चों को गीत-संगीत के माध्यम से शिक्षा दी जा सकेगी। उन्होनें बताया कि एक आंगनबाड़ी केंद्र को आदर्श केंद्र के रूप में विकसीत करने में एक लाख रूपये खर्च होने का अनुमान लगाया गया है।

## मुख्यमंत्री ने दिवंगत शशिकला को दी श्रद्धांजलि



**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को ग्राम बंदरचुआं पहुंचकर दिवंगत श्रीमती शशिकला साय के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल परिवारजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से प्रार्थना की, कि परिवारजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें। इस अवसर पर विधायक श्रीमती गोमती साय ने भी दिवंगत श्रीमती शशिकला साय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। स्वर्गवासी श्रीमती शशिकला साय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के भतीजे कृष्णकांत साय की धर्मपत्नी थीं।

## शिविरों में 190 से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण

**जशपुरनगर।** रजत जयंती महोत्सव अंतर्गत श्रम विभाग द्वारा पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन 19 सितम्बर 2025 तक जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में किया जा रहा है।

इसी कड़ी में दो दिनों के भीतर 190 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किया गया। जिसमें 12 सितंबर को ग्राम पंचायत गोढ़िकला विकासखण्ड पत्थलगांव में 50 से अधिक श्रमिकों का एवं ग्राम पंचायत कुकुरभुक्का में 30 से अधिक श्रमिकों का पंजीयन किया गया। इसी तरह 13 सितंबर को ग्राम पंचायत लोरो में 70 से अधिक श्रमिकों का और ग्राम पंचायत चटकपुर 40 से अधिक श्रमिकों को पंजीयन किया गया। पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन 14 सितम्बर को ग्राम पंचायत घटमुण्डा और नारायणपुर, 15 सितम्बर को ग्राम पंचायत रनपुर और बुढ़ाडॉड़, 16 सितम्बर को ग्राम पंचायत दोकड़ा और बटाईकेला, 17 सितम्बर को ग्राम पंचायत मोडा और हर्राडीपा, 18 सितम्बर को ग्राम पंचायत अम्बाकछार और पण्ड्रीपानी, 19 सितम्बर को ग्राम पंचायत आरा और लोदाम में किया जाएगा।



## खबर संक्षेप



### रजत जयंती समारोह के अवसर पर निकाली तिरंगा यात्रा

**लखनपुर।** राज्य की रजत जयंती समारोह के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय लखनपुर में गुरुवार को तिरंगा यात्रा रैली का भव्य आयोजन किया गया। इस रैली का शुभारंभ छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री माननीय राजेश अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके श्रीवास्तव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा कॉलेज प्रांगण से प्रारंभ होकर लखनपुर बस स्टैंड एवं लखनपुर अस्पताल मार्ग से होते हुए लगभग 6 किलोमीटर की दूरी तय कर पुनः महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिपं सरगुजा के सभापति विजय अग्रवाल ने महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को पानी पाउच वितरित कर प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारी उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए और छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति के गीत एवं नारों से वातावरण को ओजपूर्ण बना दिया।

### 25वी शालेय क्रीडा कुराश प्रतियोगिता में शंकरगढ़ के छात्रों ने मारी बाजी



**शंकरगढ़।** 25 वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता कुराश खेल प्रतियोगिता बलौदा बाजार भाटापारा में आयोजित की गई थी जिसमें शंकरगढ़ बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने ट्रॉफी अपने नाम की। बच्चों को खेल शिक्षक अनीस तिरकी, सेलेस्टिन कुजूर, संदीप कुमार खलखो, बलमती, सरोज, प्रेमलाल केरकेट्टा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। 14 वर्ष बालक वर्ग में लकीम टोप्पो, अंशु कुमार, दिलीप कुमार गोल्ड पदक, जीवन रजत पदक, 17 वर्ष बालक वर्ग में अखिलेश्वर, अंकित बारगाह रजत पदक, नितेश कुमार, कुलदीप तिर्की, नरेंद्र कुमार, राम तिग्गा कांस्य पदक, 19 वर्ष बालक वर्ग में समीन राम गोल्ड पदक, आशीष राम, अमित लकड़ा रजत पदक प्राप्त कर शंकरगढ़ का नाम रोशन किया। नगर आगमन पर शंकरगढ़ में सहायक खंड शिक्षा अधिकारी विजय कवर, स्कूल के प्राचार्य सुशील कुमार एक्का, खेल शिक्षक एवं बच्चों का स्वागत किया । साथ ही आतिश बाजी कर रैली निकाली गई। इस दौरान मैरी ग्रेश लकड़ा, अमर, पुष्प लता, सरोज, सुदर्शन यादव, नीलू मिंज, प्रियंका पैकरा, मीराबाई सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध कराने की मांग, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**रामानुजगंज।** सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध कराने एवं वन भूमि पट्टाधारी किसानों की गिरदावरी कराने की मांग को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया है कि जिले के सहकारी समितियों में खाद की भारी किल्लत होने के कारण किसानों को बाजार से 7 से 8 गुना महंगे दाम पर यूरिया खरीदी करना पड़ रहा है। ऐसे में किसान कर्ज में डूबते जा रहे है। इस वर्ष फसल बहुत अच्छी होने के कारण किसान लाचारी में बाजार से महंगे से महंगे दाम पर खाद लेने पर मजबूर हो रहे है और उन्हे ब्याज पर पैसे भी लेना पड़ रहा है। इसके अलावा वन भूमि पर प्राप्त पट्टाधारी किसानो के फसल खेतों की गिरदावरी राजस्व कर्मचारियों द्वारा नहीं की जा रही है जिसका खामियाजा किसानों को बिचौलियों के पास अपनी फसल कम दामों पर बेच कर भुगतना पड़ेगा। इस पूर्व तहसील स्तर पर अधिकारियों से मिलकर या ज्ञापन के माध्यम से गुहार लगाया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। कांग्रेस पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है। इस दौरान जिलाध्यक्ष केपी सिहदेव, मधु गुप्ता, अशोक सिंह, संतोष यादव, मनोज दुबे, अजय गुप्ता, अजय सोनी, प्रतीक सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### महाविद्यालय के रजत जयंती अवसर पर विद्यार्थियों को साईबर फ्रॉड से बचने किया गया जागरूक



**बिश्रामपुर।** जिला सूरजपुर में साईबर कॉप-जागरूकता के संबंध में चलाए जा रहे अभियान के तारतम्य में यू.वी संस्कार महाविद्यालय लटोरी में रजत जयंती समारोह के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, उक्त कार्यक्रम में गुरुवार को उपस्थित छात्र छात्राओं व शिक्षक-शिक्षिकाओं को साईबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट,युवाओं को नशे के कुरीतियों दूर रहने व यातायात नियमों का पालन करने के संबंध मे जानकारी दी गई,साथ ही उपस्थित कॉलेज के विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी स्थिति में अपने बैंक खाते की जानकारी,एटीएम पासवर्ड,ओटीपी किसी को शेयर न करें,अनजाने काल व वीडियो कॉल न उठाये, एवं मोबाइल में किसी भी लिंक को टच कर स्वीकार न करें,इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य भागीरथी पातर, व चौकी लटोरी से प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिंह, आरक्षक कुंदलाल राजवाड़े,महिला आरक्षक मालती उपस्थित रहे।

## 5 साल में बलरामपुर में 1.45 करोड़ एवं सरगुजा में 13.17 लाख पौधे

# वन विभाग हर साल जंगलों में लगा रहा लाखों पौधे, नहीं सुधर रही वनों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

वनों की हरियाली बढ़ाने के लिए वन विभाग हर साल भारी भरकम राशि खर्च कर लाखों पौधे लगा रहा है लेकिन वनों की सेहत में सुधार नहीं हो रहा है। वन अधिकारी पौधरोपण के माध्यम से वनों के घनत्व व क्षेत्रफल बढ़ाने का दावा कर रहे हैं वहीं वनों की लगातार बिगड़ती हालत दूसरी ही कथा बयां कर रही हैं।

**खास बात**

- लगातार घट रहा जंगलों का घनत्व, तस्करों ने वनों को उजाड़कर बना दिया खाली मैदान

कभी अपने घनत्व के कारण दूर-दूर तक चर्चा का विषय रहे सरगुजा के वनों का घनत्व तेजी से घट रहा है। बेखौफ चल रही अवैध कटाई से जंगल ठूंठ में तब्दील हो रहे हैं। हाल के चार दशकों में सरगुजा संभाग के हर जंगल की स्थिति में तेज बदलाव हुआ है। जंगल के जिस भाग में बड़ें – बड़े साल के पेड़ खड़े थे वह अब सपाट मैदान बन गया है दूरस्थ क्षेत्रों के ऐसे स्थल जहां आवागमन की सुविधा नहीं है वहीं के जंगल अब हरियाली बिखेर रहे हैं। अन्य वनों की हालत ऐसी है कि सड़क के किनारे तो पेड़ दिखते है लेकिन जंगल के भीतर के पेड़ों को तस्कर तेजी से साफ कर रहे हैं। तस्करों की सक्रियता बढ़ने के पीछे रेंजर से लेकर ऊपर के अधिकारियों का वनों से दूरी बनाना एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी तरह मैदानी अमले पर निर्भर रहने को माना जा रहा है। विरल वनों के सुधार एवं खाली वनभूमि को आबाद करने के उद्देश्य से वन विभाग प्रायः हर साल लाखों पौधे लगा रहा है लेकिन पौधरोपण कराने के बावजूद वनों की हालत नहीं सुधर रही है।



**5 साल में रोपे गए 3.17 करोड़ पौधे**

सरगुजा वन वृत्त के विभिन्न वनमंडलों में पांच साल के भीतर 3 करोड़ 17 लाख 80 हजार 102 पौधों का रोपण किया गया है। पौधरोपण के लिए विभाग ने भारी भरकम राशि भी खर्च की है लेकिन जंगलों की सेहत में सुधार नहीं आया। पांच साल के भीतर सरगुजा वनमंडल में 1337337, सूरजपुर में 4772243, बलरामपुर में 14509168, कोरिया में 51416662, मनेन्द्रगढ़ में 13922469 एवं जशपुर वनमंडल में 7298 पौधों का रोपण किया गया है। सबसे अधिक पौधरोपण बलरामपुर वनमंडल में जबकि सबसे कम पौधे जशपुर वनमंडल में लगाए गए हैं। कुछ क्षेत्रों में ग्रामीण पौधरोपण को सफल नहीं होने देते तथ वनभूमि पर कब्जा जमाने के उद्देश्य से पशुओं को छोड़ देते हैं तथा बचे-खुचे पौधों को उखाड़ देते हैं। वर्षा जल पर निर्भर होने एवं देखरेख के अभाव में बड़ी संख्या में पौधे सूख जाते है। ऐसा नहीं है पांच साल पूर्व से ही विभाग खाली वनभूमि में पौधरोपण करा रहा है। विभाग दशकों से पौधरोपण करा रहा है। यह जानकर हैरानी हो सकती है कि पूर्व में जहां जंगल के बड़े क्षेत्र में पौधरोपण कराया गया था आज पौधों के निशान तक नहीं बचे है।

**क्षति पर वसूली का प्रावधान**

पौधरोपण की असफलता एवं अधिकारियों की खानापूर्ति को देखते हुए शासन 70 से 80 फिसदी पौधों के सुरक्षित बचने का मापदण्ड निर्धारित किया है। निर्धारित मापदण्ड से रोपे गए पौधों में कमी आने पर बीट गार्ड से लेकर डीएफओ तक वसूली करने का प्रावधान किया गया है। विभाग द्वारा दूसरे वनमंडल के अधिकारियों से पौधरोपण का सत्यापन कराने का नियम भी लागू किया गया है। शासन द्वारा अधिकारी-कर्मचारियों की जिम्मेदारी तय करने के बाद हालात कुछ बदले हैं।

जिस तरह से विभाग पौधरोपण करा रहा है वनों का बड़ा भाग लहलहाता नजर आता लेकिन ऐसा बदलाव यदा-कदा ही देखने को मिलता है। जंगल के पेड़ों को उखाड़ने के बाद अब हर क्षेत्र में वनभूमि पर कब्जा जमाने की होड़ चल रही है। हरियाली के बीच ग्रामीणों को खेती करते देख अन्य ग्रामीण भी वनभूमि पर कब्जा करने की कोशिशें कर रहे हैं। शहर से सटे महामाया पहाड़ पर चल रहे अवैध अतिक्रमण एवं पेड़ों की अवैध कटाई से दूरस्थ क्षेत्र के वनों की स्थिति का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है।

**तय की गई है जिम्मेदारी**

रोपित पौधों की संख्या में 30 फीसदी से अधिक कमी आने पर वसूली का प्रावधान है। विभाग जांच रिपोर्ट के आधार पर पौधरोपण की नियमित समीक्षा करता है।

-वी.मातेश्वरन
सीसीएफ, सरगुजा

## सोसायटी से राशन व नकदी रकम चोरी करने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



शिवप्रसाद नगर स्थित सोसायटी से राशन व नकदी चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी की गई नगदी राशि सहित राशन बरामद किया है।

पुलिस के मुताबिक गुरूवार को ग्राम शिवप्रसादनगर निवासी मणिप्रताप साहू ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि 9 सितंबर की रात शिवप्रसादनगर स्थित सोसायटी में लगे ताला को तोड़कर अंदर रखे 2 बोरी चावल, खाली बोरा एवं बोर का 80 मीटर तार व नगदी रकम 1050 रूपये चोरों ने पार कर दिया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(डी), 331(4), 35 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संदेही शिवप्रसाद नगर निवासी राजेन्द्र प्रसाद आ. रामधन (32 वर्ष) व परमेश्वर सिंह उर्फ गजोधर आ. दामोदर दास (25 वर्ष) को दबिश देकर पकड़ा। पूछताछ करने पर दोनों ने सोसायटी से चोरी की करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर 2 बोरी चावल, 80 नग बोरा, 80 मीटर तार व 1 हजार रुपये बरामद किया। कार्रवाई में चौकी प्रभारी बसदेई योगेंद्र जायसवाल, प्रधान आरक्षक शिवकुमार सारथी, आरक्षक देवदत्त दुबे, रामकुमार सिंह, दिलीप साहू, निलेश जायसवाल, राकेश सिंह, शिवराज सिंह व अशोक केवट सक्रिय रहे।

## धार्मिक मान्यताओं के दायरे में हो डांडिया गरबा का आयोजन, सौंपा ज्ञापन



**अंबिकापुर।** गरबा, डांडिया जैसे कार्यक्रमों का आयोजन अब धार्मिक मान्यताओं के आधार पर कराए जाने की मांग की गई है। इस संबंध में ननि के पार्षद और कांग्रेस नेता शुभम जायसवाल व अन्य ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है। इस दौरान उन्होंने बताया कि नवरात्रि के दौरान आयोजित होने वाले गरबा डांडिया हिन्दू धर्म की धार्मिक आस्था से जुड़ा हुआ आयोजन है इसलिए इसका आयोजन धार्मिक मान्यताओं के दायरे में ही होना चाहिए।

विगत कुछ वर्षों से आयोजन में धार्मिक मान्यताओं का उल्लंघन कर अश्लीलता परोसी जा रही है। आयोजन के लिए आयोजकों को जिन नियम शर्तों पर कार्यक्रम की अनुमति दी जाती है उन अनुमति में इसे शामिल करें कि किसी भी आयोजनकर्ता द्वारा गैर धार्मिक गानों का उपयोग ना किया जाए। केवल धार्मिक गानों का उपयोग ही इस प्रकार के आयोजनों में किया जाए जिससे किसी के भावना को ठेस न पहुंचे। अगर किसी आयोजन में इस प्रकार के गाने बजाए जाते हैं तो उसकी जिम्मेदार जिला प्रशासन होगी। इस दौरान चंद्र प्रकाश सिंह, रोशन कनौजिया, अमित वर्मा, राहुल सोनी, मिथुन सिंह, अतुल ताम्रकार, अंकित, रवि, संस्कार, अंकुश मौजूद रहे।

## तालाब में सिंघाड़ा तोड़ते समय आईमिर्गी, डूबकर मौत

**लखनपुर।** तालाब से सिंघाड़ा निकालने के दौरान डूबने से ग्रामीण की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बताया जा रहा है कि मूलतः: यूपी के मऊ देवदास अंतर्गत देवकली निवासी 40 वर्षीय राजेश राजभर आ. स्व. सुभाष राजभर नगर में रहकर तालाबों से सिंघाड़ा तोड़ने का काम करता था। 12 सितम्बर की सुबह 11.30 बजे युवक अपने साथियों के साथ तालाब के अन्दर गया हुआ था। सिंघाड़ा तोड़ने के दौरान ही अचानक उसे मिर्गी के झटके आने लगे और वह पानी में डूब गया। राजेश राजभर को उसके साथियों ने किसी तरह पानी से निकालकर लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही मामले की जांच की जा रही है। मृतक के साथियों का कहना है कि राजेश राजभर को मिर्गी की बीमारी थी।

## फर्जी खानापूर्ति से मृतक की भूमि दूसरे व्यक्ति के नाम अंतरित, उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

तहसील कार्यालय भैयाथान एक बार फिर विवादों के घेरे में आ गया है। ग्राम पंचायत दनौली खुर्द से जुड़ा एक फर्जी नामांतरण का मामला प्रशासनिक लापरवाही को उजागर कर रहा है।

जानकारी के अनुसार ग्राम दनौली खुर्द स्थित खसरा क्रमांक 224, रकबा 0.0500 हेक्टेयर स्व.अमरसाय के नाम दर्ज थी। नियमानुसार स्वामी की मृत्यु उपरांत उसकी पत्नी अथवा वैधानिक वारिसों के नाम नामांतरण होना चाहिए लेकिन अमरसाय की पत्नी के जीवित होने के बावजूद भूमि का नामांतरण सीधे मंजीत नामक व्यक्ति के नाम कर दिया गया।

इसके लिए न तो वारिसों की सहमति ली गई, न ही कोई न्यायालयीन प्रक्रिया अपनाई गई। साफ है कि पूरा खेल नियमों को ताक पर रखकर खेला गया। कार्यालय द्वारा ईश्तहार में भी भारी गड़बड़ी सामने आई है। बताया जा रहा है कि एक ही व्यक्ति ने 5-6 ग्रामीणों, पंच और चौकीदार तक के फर्जी हस्ताक्षर कर डाले। ग्राम पंचायत दनौली खुर्द की सरपंच सपना सिंह के सामने पंच पूजा सिंह और चौकीदार अभिमन्यु ने बताया कि हस्ताक्षर उनके नहीं है। इश्तहार में इंदकुंवर नाम की महिला को पंच बताया गया है जबकि पंचायत में इस नाम की कोई पंच नहीं हैं। प्रकरण के सार्वजनिक होते ही तहसील कार्यालय में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों की चुप्पी कई सवाल खड़े कर रही है।

इस संबंध में अनुविभागीय अधिकारी चांदनी कंवर ने बताया कि यह जानकारी मिली है। मामले की जांच कराई जाएगी।

## छात्रों ने कॉलेज के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर किया प्रदर्शन



**अम्बिकापुर।** राजीव गांधी पीजी कॉलेज में पिछले तीन दिनों से चल रहे छात्र-छात्राओं के प्रदर्शन ने आज उग्र रूप ले लिया। छात्रों ने आजाद सेवा संघ के नेतृत्व में कॉलेज के मुख्य द्वार पर तालाबंदी कर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। साथ ही छात्रों के लिए विशेष पुनः परीक्षा की मांग की। छात्रों का आरोप है कि परीक्षा में बार-बार बैक लगाया जा रहा है जिससे उनका एक साल बर्बाद होने की कगार पर है।

आजाद सेवा संघ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में छात्रों ने कॉलेज परिसर में जमकर नारेबाजी की। रचित मिश्रा ने महाविद्यालय की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि संभाग के सबसे बड़े कॉलेज की व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है और यहां के प्राचार्य छात्रों की समस्याओं को नजर अंदाज कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो कॉलेज में कोई भी छात्र दाखिला नहीं लेगा। वहीं छात्रों ने आरोप लगाया है कि बी कॉम, बी एससी और बीए . के 70-80 प्रतिशत छात्रों को एक ही जैसे विषयों में बार-बार बैक लगाया जा रहा है। छात्रों का दावा है कि उन्होंने परीक्षा अच्छे से लिखी थी, फिर भी उन्हें फेल कर दिया गया। इसके अलावा, छात्रों ने इंटरनल मार्क्स में भी गड़बड़ी का आरोप लगाया। छात्रों का कहना है कि 30 नंबर के आंतरिक मूल्यांकन में उन्हें सिर्फ 9 या 10 नंबर दिए जा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर जब छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिका देखने की मांग की तो कॉलेज प्रबंधन ने इससे भी इनकार कर दिया। दो घंटे तक चले इस हंगामे के बाद महाविद्यालय की प्राचार्य ने प्रदर्शन कर रहे छात्रों से बातचीत की। उन्होंने तत्काल उच्च शिक्षा विभाग के आयुक्त को एक पत्र लिखकर छात्रों की विशेष पुनः: परीक्षा आयोजित कराने की मांग की। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष प्रतीक गुप्ता, नीतीश पटेल, अनुराग जायसवाल, कुशल जायसवाल, रामप्रवेश, तुलिका मानिकपुरी, हर्ष केसरवानी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



### सेवा पखवाड़ा को लेकर हुई भाजपा मंडल की कार्यशाला

**भैयाथान।** सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर नपं अध्यक्ष परमेश्वरी राजवाड़े एवं जिला उपाध्यक्ष संत सिंह के आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष सुनील परमेश्वरी राजवाड़े एवं जिला उपाध्यक्ष संत सिंह के आतिथ्य एवं मंडल अध्यक्ष सुनील साहू की अध्यक्षता में भाजपा मंडल की कार्यशाला हुई। कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। परमेश्वरी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सेवा परमो धर्मः की भावना को साकार करते हुए गरीब, शोषित एवं वंचित वर्गों के उत्थान के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। उनके जन्मदिवस पर सेवा पखवाड़ा का आयोजन विशेष महत्व रखता है। जिला उपाध्यक्ष संत सिंह ने कहा कि पखवाड़ा में स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण, रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य शिविर, प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शन, प्रबुद्ध वर्ग संवाद, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता, विकसित भारत चित्रकला प्रतियोगिता, पं.दीनदयाल जयंती एवं गांधी जयंती पर सेवा कार्य किए जाएंगे। इस दौरान रामकुमार गुप्ता, शैलेन्द्र गुप्ता, लक्ष्मी केवट, शिव पाण्डेय, नेहा तिवारी, सत्या दुबे, नीरू गुप्ता, अखंड प्रताप सिंह, ललित राजवाड़े, तिलसाय राजवाड़े, रूपेंद्र कुशवाहा, विजेंद्र कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रांची से गिरफ्तार किए गए दो और डोडा सप्लायर, पुलिस ने की कार्रवाई

**अंबिकापुर।** डोडा तस्करी को लेकर चल रही कार्रवाई के कड़ी में बसन्तपुर पुलिस ने एक बार फिर से बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने झारखंड के रांची से तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों लंबे समय से डोडा की सप्लाई करने का काम कर रहे थे। बताया दें कि 7 जून को आरटीओ धनवार बेरियर पर कार्रवाई के दौरान संदिग्ध ट्रक क्रमांक आरजे 19 जीजे 7447 से 1.30 करोड़ रुपए का से 14 क्विंटल 44 किलोग्राम डोडा बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने जांच के दौरान पूर्व में वाहन स्वामी राजस्थान जोधपुर के ओसिया हरिपुरा निवासी राजू सिंह आ. स्व. सुल्तान सिंह, चालक दीपाराम आ. आसूराम, खरीददार पश्चिम बंगाल कलकत्ता के माल्दा इंग्लिश बाजर निवासी 41 वर्षीय उत्तम राय आ. अभिनंदन राय, रांची के खूंटी बिरहु निवासी 37 वर्षीय साहिल अनिल संगा आ. राम संगा सहित अन्य को गिरफ्तार किया था इसके साथ ही इस मामले में अन्य तस्करों की तलाश की जा रहती थी। एसपी वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर एएसपी विश्वदीपक त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम फिर से झारखंड के रांची रवाना हुई थी। इस दौरान टीम ने दो अन्य आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी खूंटी के चिकोर मुन्दरू टोली निवासी 23 वर्षीय मिथुन मुंडा आ. सूना मुंडा व पट्टीबेरा निवासी 25 वर्षीय राज मुंडा आ. जगरनाथ मुंडा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा अफीम के खेत से डोडा खरीदकर अवैध रूप से इसकी देशभर में सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों को एनडीपीएस एक्ट की धारा 15 (सी), 25, 29 के तहत जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में आरक्षक भूपेन्द्र सिंह, ताराचंद एवं साईबर सेल की टीम शामिल रही।

## वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर ने किया निलंबित

# रामानुजगंज तहसील कार्यालय में शराबी कानूनगो ने मचाया उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर तहसील कार्यालय में शुक्रवार को एक कानूनगो ने जमकर उत्पात मचाया। नशे की हालत में पहुंचे कानून गो ने ऊटपटांग हरकत करने के साथ ही घंटों हंगामा किया। इस हंगामे के कारण कार्यालय में कामकाज प्रभावित रहा और लोग परेशान होते रहे। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया। अब इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर ने कानूनगो को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है इसके साथ ही मामले की जांच जारी है।

बताया जा रहा है कि बलरामपुर जिले के रामानुजगंज तहसील कार्यालय में शुक्रवार को प्रभारी लिपिक कानूनगो शाखा व नायब नजीर प्रवीण कुमार लकडा शराब के नशे में धुत होकर पहुंचा हुआ था। कार्यालय में आने के बाद कर्मचारी ने ऊटपटांग हरकत शुरू कर दी। प्रवीण कुमार लकड़ा ने कार्यालय में जोर जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया और टेबल- कुर्सियों पर हाथ पटकना शुरू किया। उसकी इस हरकत से कार्यालय में हड़कंप मच गया और काम कराने आए लोग भी हैरान हो गए। लगभग एक घंटे तक कर्मचारी ने शराब के नशे में धुत होकर उत्पात मचाया जिससे कार्यालय में काम काज प्रभावित हो गया। कड़ी मशक्कत के बाद प्रवीण कुमार लकडा को शांत कराया गया जिसके बाद परिजन को घटना की सूचना दी गई और परिजन के साथ उसे घर भेज दिया गया। तहसील कार्यालय में कर्मचारी के इस उत्पात का लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद कलेक्टर बलरामपुर राजेन्द्र कटारा ने कार्यालय तहसीलदार रामानुजगंज में पदस्थ सहायक ग्रेड 3 कर्मचारी प्रवीण कुमार लकडा प्रभारी लिपिक कानूनगो शाखा तथा नायब नाजीर को नशे की हालत में कार्यालय आने और उत्पात मचाने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर ने इसे पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता माना है। निलंबन अवधि में प्रवीण कुमार लकड़ा का मुख्यालय जिला निर्वाचन कार्यालय स्थानीय नियत किया गया है।




## ट्रक ने बाइक सवारों को मारी टक्कर, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

शुक्रवार की दोपहर एनएच 43 पर ट्रक और बाइक के बीच हुई भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दुसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर चालक की तलाश की जा रही है।

थाना अंतर्गत उलकिया ठेरगापारा निवासी 25 वर्षीय विक्की आ. बालक कंवर अपने रिश्तेदार 40 वर्षीय दिलभंजन आ. ठुरु कंवर के साथ किसी काम से निकला हुआ था। दोनों बाइक क्रमांक सीजी 15 डीजेड 4856 से वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान दोपहर लगभग ढाई से तीन बजे के बीच दोनों जैसे ही ग्राम गुतुरमा में बेलगांव नाला के ऊपर पहुंचे कि पत्थलगांव से अंबिकापुर की ओर आ रहे ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5441 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक चालक विक्की कंवर के सिर में आई गंभीर चोट के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि उसका रिश्तेदार दिलभंजन भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम द्वारा घायल को उपचार के लिए सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जबकि मृतक के शव को मर्च्युरी में रखा गया है।





# जो लोग पहले आलोचना करते थे, वही तारीफ करते हैं

**मुंबई।** कई कश्मीरी कलाकारों ने बॉलीवुड में नाम कमाया है। नया नाम मसरत उन निसा का जुड़ गया है। उन्होंने हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'सांग्स ऑफ पैराडाइज' में अपने गानों से लोगों का दिल जीता। यह फिल्म सिंगर राज बेगम की जिंदगी पर आधारित है। वह कश्मीरी गायिका थीं। 'सांग्स ऑफ पैराडाइज' में मसरत के परफॉर्मेंस की कामयाबी के बाद उन्हें लगता है कि उनके खिलाफ अब आलोचनाएं कम हो गई हैं। उन्होंने कहा 'अब आलोचकों की प्रतिक्रिया बहुत अच्छी है। अब वह कुछ नहीं कहते हैं। अब वह मेरी तारीफ करते हैं। वह कहते हैं कि मैंने सही पेशा चुना है।

लाइफ Style



# सामंथा

## पहले एक साल में करती थीं पांच फिल्में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु किसी न किसी वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। चाहे वह उनकी अदाकारी हो, रोजमर्रा की आदतें हों या फिर अपने कथित ब्वॉयफ्रेंड्स को लेकर। हाल ही में उन्होंने मायोसिटिस नामक बीमारी के बारे में बताया था।

वह एक ऐसी बीमारी से जूझ रही हैं जो उनके इम्यून सिस्टम को प्रभावित कर रही है। इसमें आपके मसल्स बुरी तरह प्रभावित होते हैं। हालांकि सामंथा ने कहा कि वह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो गई हैं और अब जिंदगी और काम के प्रति उनका नजरिया बिल्कुल नया है। सामंथा ने बताया कि कैसे उन्होंने खुद को अपने पुराने रूप से अलग कर लिया है, एक ऐसा रूप जो ज़्यादा से ज़्यादा काम करने के बारे में चिंतित रहता था। उन्होंने कहा, मेरे पुराने रूप में शायद मैं साल में पांच फिल्में करती थी, क्योंकि यही एक सफल अभिनेता की पहचान थी... आपकी पांच फिल्में, एक बड़ी ब्लॉकबस्टर, और आपको टॉप 10 अभिनेत्रियों में शामिल होना है। बस इतना ही जरूरी था। कुछ बड़े मल्टीनेशनल ब्रांड्स का विज्ञापन करने के लिए यह जरूरी था। आज, दो साल से मेरी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है और मैं किसी भी लिस्ट में नहीं हूं। मेरे पास 1000 करोड़ की कोई फिल्म नहीं है, लेकिन मैं अब तक की सबसे खुश हूं। सामंथा ने यह भी बताया कि कॅरियर के शुरुआती दिनों में उनके ऊपर काफी दबाव था और इसके वजह से उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा था। उन्हें लगता था कि उनके हाथ से रोल छिन जाएंगे। उन्होंने स्वीकार किया, मैं बहुत कमज़ोर थी।

## हॉलीवुड मसाला



# नीना दोब्रेव ने तोड़ी सगाई

**लॉस एंजिल्स।** टीवी शो वैंपायर डायरीज में एलना का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस नीना दोब्रेव की सगाई टूटने की चर्चा है। नीना दोब्रेव ने साल 2024 में एक मशहूर स्नोबोर्डर शॉन व्हाइट से सगाई की थी। इससे पहले दोनों पांच साल तक रिलेशन में भी रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार और नीना दोब्रेव और शॉन व्हाइट की राहें अब जुदा हो चुकी हैं। एक्ट्रेस से जुड़े एक करीब सूत्र का कहना है कि यह फैसला दोनों ने आपसी सहमति से लिया है।




# मेंगलोंग ने माई शो, माई स्टाइल से की कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** चीनी एक्टर, सिंगर और म्यूजिक वीडियो डायरेक्टर एलन यू मेंगलोंग का गुरुवार (11 सितंबर) को एक इमारत से गिरकर निधन हो गया। वह 37 वर्ष के थे। जिनका जन्म 15 जून 1988 को हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 2007 में टैलेंट रियलिटी शो 'माई शो, माई स्टाइल'से की थी। इसके बाद उन्होंने साल 2011 में शॉर्ट फिल्म 'द लिटिल प्रिंस' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की। जिसके बाद उन्होंने बतौर एक्टर वेब ड्रामा 'गो प्रिंसेस गो' में अपनी भूमिका से उन्हें लोकप्रियता मिली, जो एक सांस्कृतिक घटना बन गई। बाद में यू हिट फंतासी रोमांस इटरनल लव में दिखाई दिए, जहां उन्होंने बाई कियान के भाई का रोल निभाया । उन्होंने द मून ब्राइटन्स फॉर यू में लिन फैंग जैसे बेहतरीन रोल के साथ अपने कॅरियर को आगे बढ़ाया।



# 10 साल बाद पर्दे पर लौटीं गीता बसरा

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री गीता बसरा ने करीब एक दशक के लंबे अंतराल के बाद, पंजाबी फिल्म मेहर से दमदार वापसी की। राकेश मेहता ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 5 सितंबर को रिलीज हो चुकी है। एक बातचीत में गीता बसरा ने कहा सेट पर होना मेरा सपना है, और मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे एक और मौका मिला। यहां आकर मुझे बहुत खुशी मिलती है। पंद्रह साल पहले, शादी के बाद महिलाओं के लिए वापसी करना मुश्किल था, लेकिन अब समय बदल गया है। पीढ़ी बदल गई है, और अब यह कोई मायने नहीं रखता। गीता ने अपने पति और क्रिकेटर हरभजन सिंह के साथ एक मैगजीन के कवर पेज पर आने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, बड़ी हस्तियों के साथ शामिल होना वाकई गर्व की बात है।



# आमिर ने बायोपिक के लिए बढ़ाया वजन

**मुंबई।** आमिर खान एक बार फिर अपने लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। आमिर का दरअसल, एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिख रहा है कि उनका थोड़ा वजन बढ़ गया है। वहीं, जब वह लास्ट फिल्म सितारे जमीन पर नजर आए थे, तब वह बिल्कुल फिट थे। अब आमिर के लेटेस्ट लुक के वायरल होने के बाद लोग अनुमान लगा रहे हैं कि कहीं ये उनकी अपकमिंग फिल्म दादासाहेब फाल्के की बायोपिक का लुक तो नहीं। दादासाहेब फाल्के की बायोपिक के लिए आमिर और राजकुमार हिरानी एक बार फिर कोलैब्रेट करेंगे। आमिर की टीम ने स्टेटमेंट रिलीज कर कहा था कि ये काफी सरप्राइजिंग है कि हिंदी सिनेमा में किसी ने अभी तक सिनेमा की स्टोरी नहीं बताई है। वीएफएक्स स्टूडियो जो एलए से है उन्होंने पहले ही एआई डिजाइन्स बना दिए हैं।

## टीवी मसाला



# हर महिला की कहानी है संपूर्णा सामाजिक मुद्दों पर डालता है रोशनी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया शो संपूर्णा देखने के बाद लगता है कि अब सच में एंटरटेनमेंट और सामाजिक मुद्दों का बेहतरीन मेल देखने को मिल रहा है। ऐसा शो टीवी पर मौजूद है, यह विश्वास करना एक पल के लिए मुश्किल है। कहानी सिर्फ ड्रामा नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन और समाज की असलियत को बेबाक अंदाज में सामने लाती है। इस शो में संदीप्ता सेन (मित्ती), अहम शर्मा (आकाश) और विशाल आदित्य सिंह (सत्तू) की भूमिका में नजर आ रहे हैं।शो की कहानी आज के समय के लिए बेहद रिलेट करने वाली है। इसमें मित्ती और नैना जैसे किरदारों के जरिए संघर्ष, पारिवारिक रिश्तों और समाज की चुनौतियों को दिखाया गया है। इसे देखकर साफ तौर पर लगता है कि यह शो टीवी कंटेंट को एक नए और फ्रेश तरीके से पेश कर रहा है। सिर्फ कहानी ही नहीं, बल्कि पेश करने के तरीके इसे बाकी शोज से अलग बनाती है। समाज के कई छिपे हुए पहलुओं और महिलाओं की जिंदगी की असल मुश्किलों को दिखाते हुए यह शो टीवी की दुनिया में एक अलग मुकाम बना रहा है। कहना होगा कि शो के मजबूत संदेश ने इसे बेहद प्रभावशाली बना दिया है।

## बिग बॉस से नतालिया को कर दिया बाहर

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 को लेकर इस वक्त दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट बनी हुई है। कंटेस्टेंट के बीच टास्क को लेकर जमकर घमासान बना हुआ है। इस शो लेकर लगातार नई अपडेट सामने आ रही है। इसी बीच अब 'बिग बॉस 19' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। नतालिया जानोसजेक को घर से बाहर कर दिया गया। नतालिया सलमान खान के शो से बाहर होने वाली पहली कंटेस्टेंट हैं। शो में नतालिया और मृदुल तिवारी के बीच की कैमेस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आ रही थी। ऐसे में अब सोशल मीडिया पर यूजर्स नतालिया के बाहर जाने को लेकर रिएक्ट कर रहे हैं। बिग बॉस 19 के तीसरे हफ्ते घर के चार लोगों पर नॉमिनेशन की तलवार लटकी हुई थी। नतालिया जानोसजेक के साथ-साथ मृदुल तिवारी, आवेज दरबार और नगमा मिराजकर को घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट किया गया था।



# हिंदी सिनेमा की वो हसीना, जो नेपाल प्लेन हाईजैक का हुई थी शिकार

**नई दिल्ली।** नेपाल में तख्तापलट इस वक्त पूरी दुनिया में चर्चा में है। इस बीच सबसे ज्यादा नाम सुशीला कार्की का चर्चित हो रहा है। सुशीला का नाम उस वक्त सामने आया है, जब नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली गायब है। सुशीला 11 जुलाई 2016 को नेपाल की पहली मुख्य न्यायाधीश बनी थीं और अपने कार्यकाल के एक साल में ही कई अहम फैसले सुनाए थे। अपने फैसलों से वह देशभर में छा गई थीं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि सुशीला उस शख्स की पत्नी हैं, जो 1973 में हुए प्लेन हाईजैक में शामिल थे और इस प्लेन में हिंदी सिनेमा की



खूबसूरत एक्ट्रेस माला सिन्हा भी थी। नेपाल में 1973 में रॉयल नेपाल एयरलाइंस का विमान बिराटनगर से काठमांडू जा रहा था, लेकिन मंजिल पर पहुंचने से पहले ही विमान हाईजैक हो गया। प्लेन हाईजैक के पीछे कोई आतंकी संगठन नहीं, बल्कि सुशीला कार्की के पति दुर्गा प्रसाद सुबेदी थे। इस प्लेन में 19 यात्री सवार थे, जिसमें एक्ट्रेस माला सिन्हा भी थी। इस हाईजैकिंग से भारत में भी सनसनी फैल गई थी।

### *क्या है माला सिन्हा का नेपाल कनेक्शन?*


*इस विमान को बिहार के फोर्बेस्गंज में लैंड किया गया और फिर इन पैसों को कार में रखकर दार्जिलिंग ले जाया गया। इस मामले में सुबेदी और कई अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया और 1975 में लगी इमरजेंसी के दौरान रिहा कर दिया गया था। बात करें माला सिन्हा की तो आज वह 88 साल की है। उनके पति चिदंबर प्रसाद लोहानी एक नेपाली एक्टर थे। रिपोर्ट्स की मानें तो माला सिन्हा और चिदंबर ने फिल्म मैतीघर में साथ में काम किया और इसी दौरान के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। चिदंबर का निधन 2024 में 86 साल की उम्र में काठमांडू में हुआ था।*

# अक्टूबर में थिएटर में धमाल मचाएंगी ये 5 फिल्में, दिवाली पर होगा बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** अक्टूबर का महीना सिनेमा प्रेमियों के लिए खास होने वाला है। इस बार थिएटर्स में एक या दो नहीं, बल्कि 5 शानदार फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। खासकर दिवाली के मौके पर वरुण धवन से लेकर आयुष्मान खुराना तक की फिल्में दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।

**सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी**
वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म का गाना 'बिजुरिया' पहले ही हिट हो चुका है और फैंस में उत्साह बढ़ा रहा है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।

**एक दीवाने की दीवानियत**
हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' पुरानी यादों और आधुनिक




रोमांस की कहानी को दिखाएगी। मिलाप जावेरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के गाने पहले ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके हैं

**थामाः** मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म है थामा। थामा में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे सितारे नजर आएंगे। यह फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**द ताज स्टोरीः** परेश रावल की सामाजिक ड्रामा फिल्म द ताज स्टोरी तुषार अमरीश गोयल ने लिखी और निर्देशित की है। द ताज स्टोरी में जाकिर हुसैन, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ और नमित दास जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 31 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी।

**वन टू चा चा चाः** वन टू चा चा चा एक मजेदार कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में आशुतोष राणा, अनंत वी जोशी, अभिमन्यु सिंह, मुकेश तिवारी, न्यारा बनर्जी और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हर्ष मायर जैसे सितारे हैं। अभिषेक राज और रजनीश ठाकुर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज होगी और त्योहारों के मौसम में परिवार व दोस्तों के साथ देखने के लिए बिल्कुल सही है।

## 90 के दशक के कई गानों को रखा जाता है सदाबहार गानों की श्रेणी में

# कभी आवाज से जीता था लोगों का दिल, अब गुमनामी में जी रहे हैं ये सिंगर्स

90 के दशक के गाने लगभग हर कोई पसंद करता है। इस दौर के कई गानों को सदाबहार गानों की श्रेणी में रखा जाता है। उस दौर में कई बेहतरीन बॉलीवुड गायकों ने इन शानदार गानों को गाया था। 90 के दौर में बेहतरीन गानों को आवाज देने वाले कई गायक इस दौर में गुमनामी की जिंदगी गुजार रहे हैं।



### मिनमिनी

फिल्म 'रोजा' के गाने 'दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा...' गाने को आवाज देने वाली मिनमिनी का शुरुआती सफर अच्छा रहा। बताया जाता है कि लंदन में एक कॉन्सर्ट के दौरान उनकी आवाज खो गई। इलाज के बाद उन्होंने साउथ की फिल्मों में गाने गाए। इन दिनों वह अपने पिता के साथ केरल में एक म्यूजिक इंस्टीट्यूट चलाती हैं।



### बेला सुलाखे

बॉलीवुड की फिल्म इम्तिहान के लिए 'चाहा तो बहुत...' गाना गाने वाली गायिका बेला सुलाखे भी 90 की दशक की बेहतरीन गायिका थीं। उन्होंने विजेता और एक ही रास्ता जैसी फिल्मों के लिए गाने गाए। आज यह गायिका कहां हैं, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।



### अनुराधा पौडवाल

अनुराधा पौडवाल ने फिल्म 'आशिकी' के गाने गाए। इस फिल्म के ज्यादातर गाने हिट रहे। अनुराधा हिंदी की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक हैं। इन दिनों वह कम ही नजर आती हैं। वह हिंदी या बॉलीवुड के गाने भी नहीं गातीं। कई मौकों पर वह भजन गाती हुई नजर आती हैं।

### अनुपमा देशपांडे



अनुपमा देशपांडे 90 के दशक में गायकी में एक बड़ा नाम थीं। उन्होंने 'तुम मेरे हो...' और 'लगी आज सावन की फिर वो...' जैसे गाने गाए। इन्होंने अपने करियर में 124 गाने गाए। यही नहीं इन्हें गाने के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड भी दिया गया। एक समय के बाद वह गुमनामी में खो गईं।

### सारिका कपूर



हम खुश हुए..., तेरे मेरे प्यार का...'और जिंदगी को बिना प्यार... जैसे गानों को अवाज देने वाली सारिका कपूर बहुत मशहूर थीं। उन्होंने फिल्म 'ये दिल आशिकाना' में गाना गाकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई। इन्होंने नदीम-श्रवण के साथ भी कई गाने गाए। इन दिनों वह कहां हैं और क्या करती हैं, इसके बारे में किसी को नहीं पता।

### बाबला मेहता



ऋषि कपूर और श्रीदेवी की ब्लॉकबस्टर फिल्म चांदनी में सुरों की कोकिला लता मंगेशकर संग मिलकर मितवा गीत से बतौर गायक बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले बाबला मेहता 90s के टॉप सिंगर्स की फेहरिस्त में शामिल हुआ करता थे। उन्हें लीजेंडरी सिंगर मुकेश की आवाज माना जाता था। बतौर गायक बाबला ने दिल है की मानता नहीं, चांदनी और सड़क जैसी कई मूवीज के गानों का गाया था। बता दें हाल ही में उनका निधन हुआ है।

### विपिन सचदेवा



एस.पी. बालासुब्रमण्यम के बाद गायक विपिन सचदेवा 90s के दौर में सलमान खान की आवाज बने थे। सनम बेवफा जैसी मूवीज के लिए विपिन ने गाने गाए। इसके अलावा अन्य कई कल्ट गीतों को विपिन ने अपनी आवाज दी। इसके अलावा उन्होंने बेटा, जनाम और जुनून जैसी मूवीज के हिट सॉन्गों को अपनी आवाज दी थी। आज वह भजन म्यूजिक कॉन्सर्ट तक सीमित है।

## खबर संक्षेप

### नवनीत कौर टीवी क्विज शो में वर्ल्ड प्रीमियर में दिखेंगी



**खरसिया।** रायपुर निवासी खरसिया की नवनीत कौर सलूजा पहली बार अंतरराष्ट्रीय टीवी क्विज शो आओ बनिए गुरसिख प्यारा में भाग लेंगी। शो का वर्ल्ड प्रीमियर सीज़न 37, एपिसोड 2 रविवार, 14 सितम्बर सुबह 10:30 बजे चरदीकला टाइम्स टीवी चैनल पर प्रसारित होगा। नवनीत कौर ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व और ज्ञान अर्जित करने का अवसर है।

### अवैध महुआ शराब पर आबकारी की कार्रवाई

**रायगढ़।** जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आबकारी विभाग ने एक और बड़ी कार्रवाई की है। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन और प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में 10 सितंबर को रायगढ़ शहर में यह कार्रवाई की गई। सूत्रों से मिली सूचना पर आबकारी टीम ने बड़े रामपुर रोड पर नाकाबंदी कर छापामार कार्यवाही की। इस दौरान अंजलि उरांव, निवासी छोटे रेगड़ा थाना चक्रधरनगर, को अवैध रूप से हाथ भट्ठी से बनी 08 लीटर महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। शराब को प्लास्टिक झिल्ली में भरकर झोले में रखा गया था, जिसे आरोपी महिला बेचने की फिराक में थी। आरोपिया के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### सूरज की रोशनी से आत्मनिर्भरता की राह पर बाबा

**रायगढ़।** रायगढ़ निवासी बाबा साहू की कहानी सिर्फ एक घर को रोशन करने की नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के जरिए आत्मनिर्भरता और हरित भविष्य की एक मिसाल है। अगस्त 2025 में बाबा साहू ने अपने घर की छत पर 5 किलोवाट का सोलर प्लांट स्थापित करके इसकी शुरुआत की। बाबा साहू ने बताया कि सरकारी बैंक से उन्हें लोन की सुविधा आसानी से मिल गई और छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने कुछ ही दिनों में प्लांट का संचालन शुरू कर दिया। इस सरल और पारदर्शी प्रक्रिया ने योजना पर उनका भरोसा और भी मजबूत किया। आज उनके सोलर प्लांट से प्रतिदिन 20-25 यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा हैए जिससे उनके मासिक बिजली बिल में 80-90 तक की भारी कमी आई है। बाबा साहू ने बताया कि सोलर प्लांट रख.रखाव बहुत कम है। वे बताते हैं कि यह योजना सिर्फ बिजली बिल कम करने का साधन नहीं हैए बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने और पर्यावरण को सुरक्षित रखने का एक सशक्त माध्यम भी है। बाबा साहू शहरवासियों से कहते हैं कि हर परिवार को अपनी छत को ऊर्जा उत्पादन का साधन बनाना चाहिएए ताकि वे न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर बनेंए बल्कि एक हरित और सशक्त भविष्य के निर्माण में भी योगदान दे सकें।

### प्रसार भारती ने लॉन्च किया ओटीटी ऐप. वेव्स

**रायगढ़।** भारत के लोक सेवा प्रसारक प्रसार भारती ने बदलते समय के साथ खुद को भी बहुत बदला है। के युग में प्रसार भारती की नई पहल है ये ऐप मोबाईल फोन और स्मार्ट ज्ट दोनों में ही चलाई जा सकती है। इसमें न केवल अन्य प्लेटफार्म्स की तरह स्ट्रीमिंग कन्टेन्ट होगा बल्कि हर प्रकार के मनोरंजन का उचित प्रबंध है। साथ ही दूरदर्शन के अति लोकप्रिय कन्टेन्ट जैसे रामायण, महाभारत, चाणक्य, भारत एक खोज इत्यादि खजाने भी मिलेंगे। इसके अलावा लाइव और इन्टरएक्टिव प्रोग्राम गेमिंग, म्यूजिक और कन्टेन्ट अपलोड के लिए भी सर्वोत्तम है। इसमें केवल 50 रुपए प्रति माह की न्यूनतम सब्सक्रिप्शन राशि से प्रीमियम कन्टेन्ट एक्सेस किया जा सकता हैए अन्यथा इसे आप फ्री मं भी देख सकते हैं। उक्त जानकारी प्रदत्त करने के साथ आकाशवाणी रायगढ़ के कार्यक्रम प्रमुख नीरज प्रभाकर ने आम लोगों से इस ऐप को अपने मोबाईल व स्मार्ट ज्ट में डाउनलोड करने के लिए अनुरोध किया है।

## नेताओं और अधिकारियों की अनदेखी का शिकार बना मुख्य सड़क

# गड्ढों में समा रहा बिलाईगढ़ का गौरव पथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़



विधानसभा मुख्यालय और उप जिला नगर पंचायत बिलाईगढ़ का मुख्य मार्ग इन दिनों दुर्घटनाओं और लोगों की परेशानियों का प्रमुख कारण बन गया है। बड़े-बड़े गड्ढों से भरी सड़क से नगर आने-जाने वाले नागरिकों, छात्रों और व्यापारियों को रोजाना दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

विडंबना यह है कि उक्त मार्ग से क्षेत्र के बड़े नेता, मंत्री और आला अधिकारी नियमित रूप से गुजरते हैं, फिर भी सड़क की बदहाली पर किसी का ध्यान नहीं जाता। नगर पंचायत बिलाईगढ़ में वित्तीय वर्ष 2021-22 में दिनेश शर्मा घर से कोर्ट रोड होते हुए नाला तक गौरव पथ निर्माण के लिए 199.68 लाख रुपये स्वीकृत हुए थे। निविदा जारी और कार्यादेश मिलने के बावजूद वर्षों बीत गए हैं, पर निर्माण कार्य आज तक शुरू नहीं हो सका। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुशील कुमार चौधरी की उदासीनता के कारण निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। इससे नागरिकों और व्यापारियों की रोज़ी-रोटी प्रभावित हुई है। लोग धूल और कीचड़ खाने को मजबूर हैं। कई बार नगर वासियों और व्यापारियों ने भूमि खाली करने का प्रस्ताव भी दिया, लेकिन तत्कालीन अध्यक्ष और सीएमओ ने इसे चुनावी मुद्दा बना कर टाल दिया।

### सीएमओ के तानाशाही रवैये का असर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने कई बार धमकी दी कि 40-40 फीट के बिना गौरव पथ नहीं बनेगा। इससे कुछ लोग उच्च न्यायालय, बिलासपुर की शरण में भी गए। गौरव पथ भाग 1 को 21-21 फीट में निर्माण कर लिया गया था। लोगों का कहना है कि भाग 2 को 27-27 फीट में बनाकर समस्याओं को सुलझाया जा सकता है।

### प्रतिनिधियों और नागरिकों का धैर्य टूटा

नगर अध्यक्ष दामोदर दुबे, पार्षदगण, व्यापारियों और नागरिकों ने शासन-प्रशासन से अति शीघ्र गौरव पथ निर्माण की मांग की है। चेतावनी दी गई है कि यदि कार्य शुरू नहीं हुआ, तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। अब देखना यह होगा कि नए अंडरविभागीय अधिकारी और आला अफसर इस दिशा में क्या कदम उठाते हैं, या नगर वासियों के लिए गड्ढा मुक्त गौरव पथ केवल एक दिवा स्वप्न ही रह जाएगा।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय में सरस्वती साइकिल वितरण



**जशपुरनगर।** जिला मुख्यालय में स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम नवीन आदर्श उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत के मुख्य आतिथ्य में निः शुल्क सरस्वती साइकिल वितरण किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष व वर्तमान पार्षद राजेश गुप्ता, सरहुल समिति के जिला उपाध्यक्ष मैनेजर राम एवं समाज सेवक संतोष ओहदार भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में कक्षा नवमी में अध्यनरत 70 बालिकाओं को राज्य सरकार द्वारा संचालित सरस्वती साइकिल योजना के तहत निः शुल्क साइकिल का वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत ने कहा कि सरकार के द्वारा बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में यह कारगर कदम है, उन्होंने सभी बालिकाओं और उनके पालकों को शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्तिथ नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष व वर्तमान पार्षद राजेश गुप्ता ने कहा कि इस योजना का लाभ प्रत्यक्ष रूप से बालिकाओं को मिल रहा है, जिससे वे पढ़ाई को नियमित रूप जारी रख सकें।

संस्था के प्राचार्य विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रतिवर्ष कक्षा नवमी की पात्र बालिकाओं को सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क सायकिल वितरित किया जाता है, इस योजना से शाला त्यागी बालिकाओं का प्रतिशत शून्य है। उनकी नियमित उपस्तिथि में भी वृद्धि दर्ज की गयी है।

## कन्या महाविद्यालय में एल्यूमनी मीट क्विज, भाषण एवं रैली का आयोजन



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर समस्त प्रदेश के शिक्षण संस्थानों मे रजत जयंती समारोह मनाया जा रहा है, इसी क्रम मे जिले के एकमात्र कन्या महाविद्यालय शासकीय विजय भूषण सिंहदेव कन्या महाविद्यालय मे एल्यूमनी मीट,पोस्टर लेखन, भाषण, क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे भारी मात्रा मे महाविद्यालय की छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्य डॉ.एम गुप्ता द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया एवं छत्तीसगढ़ के विकास यात्रा पर संक्षिप्त विचार प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात हमर छत्तीसगढ़ - विकसित छत्तीसगढ़ के थीम पर आधारित पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन हुआ. जिसमें प्रथम स्थान बीएससी - तृतीय सेमेस्टर से सरस्वती सिदार, द्वितीय स्थान पर बीए तृतीय सेमेस्टर की सरस्वती प्रजापति रही। वहीं भाषण प्रतियोगिता के अंतर्गत प्रथम स्थान पर बीएससी -तृतीय सेमेस्टर से दुर्गावती बाई, द्वितीय स्थान पर बीएससी प्रथम सेमेस्टर से से कविता, एवं तृतीय स्थान पर संयुक्त रूप से पूजा भगत एवं कोमल कुमारी रही। इसी क्रम मे छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ सामान्य ज्ञान पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया. जिसमे प्रथम स्थान पर बीएससी तृतीय सेमेस्टर से पूजा यादव, द्वितीय स्थान पर द्वितीय स्थान पर बीएससी तृतीय वर्ष से किरण सिंह, एवं तृतीय स्थान पर दीपिका यादव एवं भूमिका चौहान रही। साथ ही रजत जयंती के अवसर पर दूसरे चरण मे एल्यूमनी मीट एवं रैली का आयोजन हुआ। एल्यूमनी मीट के अंतर्गत महाविद्यालय मे भूतपूर्व छात्राओं और वर्तमान छात्राओं के मध्य परस्पर संवाद एवं संगम देखने को मिला। एवं महाविद्यालय के विकास एवं विद्यार्थियों की उन्नति पर चर्चा की गयी। रैली के अंतर्गत महाविद्यालय की समस्त छात्राओं के द्वारा शहर के निक्की चौक-पोस्ट ऑफिस-जिला अस्पताल-जेल रोड होते हुए पुनः महाविद्यालय द्वार तक विशाल रैली यात्रा पूरी की गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन अर्जुन खलखो ने किया।निर्णायक के रूप मे श्रीमती नीता श्रीवास्तव, सुश्री सीमा भगत की भूमिका रही।

### ग्राम स्तर पर ही आपसी विवाद सुलझाने की पहल

**रायगढ़।** ग्राम स्तर पर कई ऐसे विवाद और मामले होते हैं जिनका आपसी सुलह समझौते से निराकरण किया जा सकता है। लेकिन मध्यस्थता के अभाव में प्रायः व्यक्ति न्यायालय की शरण में जाता है ऐसे मामले जो गांव स्तर में आपस में बैठकर सुलझाए जा सकते हैं, उनके निराकरण के लिए जिला प्रशासन सामुदायिक मध्यस्थता की पहल कर रहा है। इससे संबंधित पक्षों के समय और पैसे की बचत होगी। साथ ही न्यायिक और पुलिसिंग संस्थाओं में कार्यभार संतुलित होगा। इस दिशा में जिला प्रशासन की पहल पर ग्राम स्तर में कार्यरत राजस्व, पंचायत अमले और जनप्रतिनिधियों को मध्यस्थता के लिए कानूनी प्रावधानों के साथ प्रशिक्षण दिया जाएगा। 13 सितंबर को रायगढ़ के नगर निगम ऑडिटोरियम में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन होने जा रहा है। जिसमें जिले से सभी एसडीएम, तहसीलदार और नायब तहसीलदार, आरआईए पटवारी, कोटवार और पंचायत सचिवों के साथ सरपंचों को सामुदायिक मध्यस्थता का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## गहिरा गुरु संस्कृत कालेज में पुलिस यूनिसेफ का जागरूकता कार्यक्रम



**जशपुरनगर।** जिले में साइबर अपराध, मानव तस्करी और सड़क हादसों से बचाव को लेकर जागरूकता का बिगुल बज चुका है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देशन में "सजग समाज, सुरक्षित भविष्य" और "क्लिक सेफ" अभियान के तहत शनिवार को संत गहीरा गुरु संस्कृत महाविद्यालय सामरबहार में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। थाना प्रभारी बगीचा निरीक्षक संतलाल आयाम ने छात्रों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए। उन्होंने पासवर्ड प्रबंधन, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग और ऑनलाइन जालसाजों से बचाव के उपाय विस्तार से बताए।

यूनिसेफ की विकासखंड समन्वयक शालिनी गुप्ता ने मानव तस्करी जैसे गंभीर अपराध के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भोली-भाली लड़कियों को तस्कर झूठे सपनों का लालच देकर बड़े शहरों में ले जाते हैं और उनका शोषण करते हैं। जागरूकता ही इस अपराध से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है।शासकीय महाविद्यालय बगीचा के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजीव रंजन तिग्गा ने यातायात सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि छोटी सी लापरवाही सड़क दुर्घटना का कारण बन सकती है। हेलमेट व सीट बेल्ट का प्रयोग जीवन बचाता है। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विद्याकांत त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे साइबर सुरक्षा, मानव तस्करी व यातायात नियमों के प्रति न केवल खुद सजग रहें बल्कि समाज को भी जागरूक करें। इस मौके पर सहायक प्राध्यापक डॉ.राजीव रंजन तिग्गा, प्राचार्य डॉ. विद्याकांत त्रिपाठी, थाना प्रभारी संतलाल आयाम, यूनिसेफ समन्वयक शालिनी गुप्ता, साइबर योद्धा तुलेश्वर पैंकरा व साक्षी रानी कुजूर सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

**युक्तियुक्तकरण का बड़ा असर, शिक्षक मिलने से लौटी पढ़ाई की रौनक**

# युक्तियुक्तकरण के बाद सपनई के स्कूल को मिले 7 शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़



जिले की ओडिशा सीमा पर बसे अंतिम छोर के गांव सपनई के बच्चों के लिए शिक्षा का नया अध्याय शुरू हुआ है। लंबे समय से शिक्षकों की कमी से जूझ रहे इस क्षेत्र के प्राथमिक, मिडिल और हाई स्कूलों में अब 7 नए शिक्षकों की पदस्थापना हुई है। पहले जहां तीनों स्कूलों में मिलाकर केवल 5 शिक्षक थे, वहीं अब संख्या बढ़कर 12 हो गई है। इस बदलाव ने स्कूलों और छात्रों के माहौल में उत्साह भर दिया है।

हाई स्कूल में पहले सिर्फ दो शिक्षक थे, जिससे विज्ञान, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों को पढ़ाना मुश्किल हो रहा था। अब यहां तीन नए विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों की नियुक्ति हुई है, जिससे बच्चों को पढ़ाई में नई दिशा मिल रही है। मिडिल स्कूल में पहले केवल एक शिक्षक था, लेकिन अब तीन नए टीचर जुड़ने से यह संख्या चार हो गई है। इसी तरह प्राथमिक स्कूल में भी एक नए शिक्षक की पदस्थापना से संख्या तीन तक पहुंच गई है। कक्षा 10वीं की छात्रा नंदिनी चौहान ने कहा कि पहले विज्ञान पढ़ने में बहुत दिक्कत होती थी, कॉन्सेप्ट समझ में नहीं आते थे। लेकिन अब विज्ञान के शिक्षक आने से पढ़ाई आसान और रोचक हो गई है। वहीं छात्रा सिमरन चौहान का कहना है कि अंग्रेजी के शिक्षक की वजह से अब ग्रामर और भाषा दोनों में रुचि बढ़ी है।

### सात गांवों के बच्चों को होगा लाभ

गांव के सरपंच मदन चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार की इस पहल से न सिर्फ सपनई बल्कि देवबहाल, झारगुड़ा, अड़बहाल, निरंजनपुर, बलभद्रपुर और सराईपाली जैसे सात गांवों के बच्चों को लाभ मिलेगा। पहले सिर्फ पांच शिक्षकों के भरोसे स्कूल चलाना बेहद कठिन था। अब 12 शिक्षकों के साथ शिक्षा का स्तर सुधरेगा और बच्चों का भविष्य मजबूत होगा।

### कबाड़ दुकान से 70 नग चोरी का लोहा बरामद



**सरसींवा।** थाना सरसींवा पुलिस ने खेत से चोरी हुए 70 नग लोहे के एंगल की चोरी का खुलासा कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी तेजराम जायसवाल निवासी हसौद ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि ग्राम बछौरडीह स्थित उसके खेत से 70 नग लोहे के एंगल चोरी हो गए हैं। जांच में पुलिस ने ग्राम जोरापाली के कबाड़ी हेतराम बंजारे की दुकान से 40 नग एंगल बरामद किए। पूछताछ में सामने आया कि दीपक रात्रे और उपलाल यादव, दोनों निवासी साल्हेओना ने ये एंगल बेचे थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों से कुल 70 नग लोहे के एंगल, नगद रकम और घटना में प्रयुक्त साइकिल व आरी ब्लेड सहित 32,500 का माल जब्त किया। इसके बाद तीनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के बड़े कबाड़ी दुकानों की जांच से कई और चोरी के मामलों का पर्दाफाश हो सकता है।

## आदि कर्मयोगी अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित



**जशपुरनगर।** आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत जिले में विकास की नई दिशा तय करने के उद्देश्य से मॉडल विलेज एक्शन प्लान बनाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके लिए प्रत्येक जिला मास्टर ट्रेनर को एक विकासखंड के एक गांव में विलेज एक्शन प्लान बनाने के लिए चयनित किया गया है । इसी कड़ी में जिला मास्टर ट्रेनर तथा ब्लॉक मास्टर ट्रेनर दल द्वारा विभिन्न ग्रामों का भ्रमण कर स्वयं निर्धारित प्रक्रिया अपना कर विलेज एक्शन प्लान बनाने का कार्य किया गया। इसके द्वारा उन्हें ग्राम स्तर की चुनौतियों व उनकी आकांक्षाओं की बेहतर समझ भी हुई। इस अवसर पर संबंधित ग्रामों के जनप्रतिनिधि, सरपंच , पंच, महिला स्व-सहायता समूह की सदस्याएं, युवा प्रतिनिधि, कृषक बंधु तथा ग्राम के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण सत्र के दौरान डीएमटी टीम ने ग्रामवासियों को बताया कि मॉडल विलेज केवल एक संकल्पना न होकर, ग्राम की सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक उन्नति का आधार है। इसके अंतर्गत शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका, पोषण, जल-प्रबंधन, स्वच्छता, महिला सशक्तिकरण, कौशल विकास तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का एकीकृत क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीणों को यह भी बताया गया कि ग्राम कार्ययोजना ग्राम की वास्तविक आवश्यकताओं एवं उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखकर तैयार की जाती है। इसमें ग्रामीणों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है, ताकि योजना जमीनी स्तर पर अधिक प्रभावी और टिकाऊ हो सके। प्रशिक्षण में ग्रामीणों को समूह चर्चा, मानचित्रण, संसाधन सूचीकरण, प्राथमिकता निर्धारण एवं सामूहिक निर्णय प्रक्रिया से अवगत कराया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार साझा किए।

## पुसौर अस्पताल में स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनना टेढ़ी खीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पुसौर




क्षेत्र में बेरोजगार युवाओं को नौकरी में प्रवेश के लिए आवश्यक स्वास्थ्य प्रमाण पत्र बनवाने में भारी मशक्कत करनी पड़ रही है।

जहां निजी अस्पतालों में यह प्रमाण पत्र 500 से 1000 रुपये तक की तयशुदा फीस देकर आसानी से मिल रहा है, वहीं सरकारी अस्पतालों की हालत ऐसी है कि यहां आने वाले युवाओं को बार-बार चक्कर काटना पड़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार पुसौर और आसपास के इलाके में बड़ी संख्या में कारखाने और सरकारी संस्थान हैं, जहां नौकरी के लिए स्वास्थ्य प्रमाण पत्र अनिवार्य है। आर्थिक रूप से कमजोर और बेरोजगार युवा निजी अस्पताल की मोटी फीस से बचने के लिए सरकारी अस्पतालों का रुख करते हैं। लेकिन यहां हालात बिल्कुल विपरीत हैं। बीते दिनों कुछ युवा सरकारी अस्पताल पुसौर पहुंचे थे, जहां उन्हें यह कहकर लौटा दिया गया कि जांच के उपकरण फिलहाल खराब हैं। उपकरण दुरुस्त होने के बाद ही स्वास्थ्य परीक्षण संभव होगा। प्रमाण पत्र न मिलने से युवाओं को रोजगार का अवसर हाथ से निकलने का डर सता रहा है। युवाओं ने कहा कि जब एक सामान्य व्यक्ति को स्वास्थ्य परीक्षण के लिए इतनी परेशानी उठानी पड़ रही है, तो गंभीर मरीजों का क्या हाल होगा?

संभाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

स्वामी जी-93406-38884
तिरुपति बालाजी दर्शन हेतु दिसंबर यात्रा के लिए VIP टिकट की बुकिंग 20 सितंबर से पहले अवश्य करवा लें। समय पर बुकिंग करने से आपको बिना किसी परेशानी के दिव्य दर्शन का लाभ मिलेगा।
By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, सुन्द्रेश्वर महादेव,
यात्रा दिनांक
26 अक्टूबर 2025
08 नवंबर 2025
07 दिसंबर 2025
21 दिसंबर 2025
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-19501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
तिरुपति बालाजी की VIP टिकट यात्रियों को स्वयं करनी होती है। कृपया यात्रा की तिथि से 3 माह पूर्व अवश्य करवा ले। सितम्बर माह में टिकटें जल्द ही खुलने की संभावना है।
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411